राजस्थान पत्रिका 23/1/17

rajasthanpatrika.com
राजस्थान पत्रिका . टोंक . सोमवार. 23.01.2017

तकनीक का मिले पूरा लाभ

महानिदेशक ने किया संस्थान का अवलोकन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

मालपुरा केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर की ओर से विकसित उत्पादों की पुस्तकों का विमोचन करते महानिदेशक।

मालपुरा. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्र ने रविवार को केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर का अवलोकन कर वैज्ञानिकों को विकसित की गई तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए कहा।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्र ने संस्थान के सेक्टरों, प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर तकनीकों व अनुसंधान के क्षेत्र में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी ली। संस्थान निदेशक डॉ. एसएमके नकवी ने महानिदेशक को भेड़-बकरी पालन के अनुसंधान के क्षेत्र में अब तक की गई तकनीकों व विकाय कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों को सम्बोधित करते हुए महानिदेशक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री की मंशा है कि पांच साल में किसानों की आय को दोगुना बनाने का प्रयास किया जाए, इसके लिए सभी वैज्ञानिक तकनीकों को किसानों तक पहुंचाकर उनको तकनीक का पूरा लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने किसानों को भी उद्यमी बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही। उन्होंने विकसित की गई अविशान भेड़ की सराहना करते हुए ऐसे अनुसंधानों को निरन्तर जारी रखने व विकसति मेमनाप्राश, अविखाद सहित अन्य पुस्तकों का लोकार्पण किया। संस्थान निदेशक ने बताया कि संस्थान 18 प्रोजेक्ट में कार्य कर रहा है तथा 58 गांवों तक संस्थान सीधा जुड़ गया है। जहां किसानों का आर्थिक स्तर ऊंचा उठाने में संस्थान ने भूमिका निभाई है, लेकिन संस्थान के पास बजट की कमी है। समारोह को डीडी डॉ. एच. रहमान ने भी सम्बोधित किया। संचालन डॉ. अरुण तोमर ने किया। सांख्यिकी अधिकारी डॉ. राजीव गुलयानी ने अतिथियों का आभार प्रकट किया।

23/1/2017

दैनिक भास्कर 23/1/17

दैनिक भास्कर

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. महापात्रे ने कहा

अनुसंधान कर नई तकनीक किसानों तक पहुंचाना आईसीएआर का लक्ष्य

भास्कर न्यूज | मालपुरा

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रे ने वैज्ञानिकों से कहा है कि वे अनवरत अनुसंधान कर शोधित नवीन तकनीकों को ज्यादा से ज्यादा किसानों पशुपालकों तक पहुंचाए, जिससे तकनीकों का लाभ अर्जित किया जा सके। महानिदेशक महापात्रे रविवार को अपने केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर मालपुरा प्रवास के दौरान संस्थान के ऑडिटोरिय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वैज्ञानिकों, किसानों व पशुपालकों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने केंद्रीय भेड़ ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में निदेशक डॉ. एस.एम.के.नकवी के नेतृत्व किए नए नए शोध व विकास कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने इस मौके पर संस्थान के विभिन्न सैक्टरों व

मालपुरा. उत्पादों का विमोचान करते डॉ. महापात्रे।

प्रयोगात्मक कार्यों सहित नवीन विकसित भेड़ों व मेमनों को देखा। महानिदेशक ने संस्थान के नए नए स्थापित भवनों व कार्यालयों का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर आईसीएआर के उप महानिदेशक डॉ. एच रहमान भी मौजूद रहे। संस्थान निदेशक डॉ. नकवी ने संस्थान की उपलब्धियां बताई। रात्रि को महानिदेशक के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

23/1/2017